खास-खबरें

जिला बदर का उल्लंघन करने वालो पर पुलिस द्वारा कार्यवाही

विदिशा (निप्र)। पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार शुक्ला के मार्गदर्शन तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक समीर यादव के निर्देशन में गैर जामनती वारंट की तामीली, आदतन अपराधियों एवं जिला बदर के आरोपियों की चेकिंग की जा रही है। सम्पूर्ण जिले में समस्त अनुविभागीय अधिकारी पुलिस व थाना प्रभारियों के द्वारा निरंतर एक जनवरी से 23 अक्टूबर तक कुल 18 जिला बदर के प्रकरणों में आरोपियों पर जिला बदर का उल्लंघन करने पर उनके विरूद्ध कार्यवाही की गई है। इसके अंतर्गत कोतवाली विदिशा द्वारा 5, सिविल लाईन पुलिस द्वारा 4, करारिया द्वारा 2, नटेरन द्वारा 2, गंजबासौदा देहात, गंजबासौदा शहर, कुरवाई, दीपनाखेडा एवं मुगलसराय द्वारा क्रमशः एक-एक जिला बदर का उल्लंघन करने वाले आरोपियों पर कार्यवाही गई है।

भजन संध्या आज

गंजबासौदा। नगर के प्रतिष्ठित स्कूल सुभाष निकेतन में कल शरद पूर्णिमा के अवसर पर शिक्षाविद स्वर्गीय बाबूलाल जी श्रीवास्तव की पुण्य स्मृति में भजन संध्या आयोजित की गई है जिसमें क्षेत्र के होनहार प्रसिद्ध गायक महेंद्र सिंह राजपूत एवं उनकी टीम द्वारा प्रस्तुति दी जाएगी इस अवसर पर हाल ही में शासकीय सेवा से सेवानिवृत हुए प्राचार्य शिक्षाविद ज्ञान प्रकाश भार्गव का अभिनंदन भी किया जा रहा है।

चिटफंड कंपनी के डायरेक्टर को 170 साल की सजा

सीहोर। जिला न्यायालय ने बड़ा फैसला सुनाते हुए रुपए का लालच देकर धोखाधड़ी करने वाले सांई प्रसाद चीट फंड कंपनी के डायरेक्टर बाला साहब का भापकर को 170 साल की सजा और 9 लाख 35 हजार के जुर्माने से दंडित किया गया है. न्यायालय ने धारा 420 चीट फंड अधिनियम में 5- 5 साल की सजा और निवेशकों की काउंटिंग में सजा सुनाई गई है जो 170 है। ममाले सहायक जिला अभियोजन अधिकारी प्रमोद अहिरवार ने मीडिया को जानकारी देते हुए बताया कि संजय कुमार शाही की अदालत ने चीट फंड कंपनी सांई प्रसाद कंपनी के डायरेक्टर बाला साहब भापकर को 420 चीट फंड अधिनियम में 5- 5 साल की सजा और निवेशकों की काउंटिंग में सजा सुनाई गई है। जिनमें 170 साल की सजा और 9 लाख 35 हजार का जुर्माना से दंडित किया गया है।

निर्वाचन प्रेक्षकों ने सी-विजिल और कंट्रोल रूम का किया निरीक्षण

विदिशा (निप्र)। निर्वाचन आयोग द्वारा जिले के पांचो विधानसभा क्षेत्रों के लिए नियुक्त व्यय प्रेक्षक द्वय प्रभात रंजन और आनंद कुमार ने संयुक्त रूप से सी-विजिल और कंट्रोल रूम पहुंचकर क्रियान्वित व्यवस्थाओं का अवलोकन किया।

बड़ी प्रतिमाओं को क्रेन से किया विसर्जन, रावण दहन हुआ

सीहोर।

नौ दिनों तक चले नवरात्रि पर्व का दशहरा पर समापन हो गया। इस दौरान सुबह से ही धूमधाम से चल समारोह निकालकर माताराणी की प्रतिमाओं का विसर्जन किया गया। सीहोर में टाउन हाल स्थित विसर्जन घाट पर व्यवस्थाएं की गई थी। इस दौरान बड़ी प्रतिमाओं का विसर्जन क्रेन की सहायता से किया गया। इधर नगर में दशहरा पर्व भी धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान नगर के दशहरा मैदान एवं बालबिहार मैदान पर रावण, मेघनाथ के पुतलों का दहन किया गया। इससे पहले श्रीराम, लक्ष्मणजी, सीताजी एवं हनुमानजी की झांकियां भी निकाली गई। रावण दहन के दौरान बड़ी संख्या में नगरवासी दशहरा जीतने के लिए पहुंचे थे।

जय माता दी के जयकारों के साथ निकले चल समारोहः नगर में नौ दिनों तक नवरात्रि पर्व की धूम रही। इसके बाद दशहरा पर्व पर झांकियों का चल समारोह निकाला गया। जय माता दी के नारों एवं भजनों के साथ भक्तों ने नाचते-गाते चल समारोह निकाला। इस दौरान डीजे, ढोल बजते हुए चल रहे थे। नगर में जगह-जगह माताराणी की प्रतिमाएं स्थापित की गई थीं। यहां पर सुबह-शाम आरती के साथ कई सांस्कृतिक कार्यक्रम, गरबा कार्यक्रम भी आयोजित किए गए। दुर्गा उत्सव समितियों द्वारा एक से बढ़कर एक झांकियां भी सजाई गईं। चल समारोह के दौरान भी विभिन्न झांकियों का प्रदर्शन किया गया। इसके बाद आरती के साथ माताराणी की प्रतिमाओं का विजर्सन किया गया एवं प्रसादी वितरण किया गया।

प्रशासन ने की चाक-चौबंद व्यवस्थाएंः दुर्गा प्रतिमाओं के विसर्जन एवं दशहरा पर्व को लेकर स्थानीय प्रशासन, जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद नजर आया। पुलिस द्वारा जगह-जगह टीमें तैनात की गईं थीं। नगर पालिका की टीम भी विसर्जन घाट पर मौजूद रही। अधिकारियों ने भी पूरे समय आयोजनों पर नजर रखी, ताकि किसी तरह का कोई व्यवधान न आए। वरिष्ठ अधिकारी लगातार फीडबैक लेते रहे।

बालबिहार मैदान पर हो रहा है 30 वर्षों से रावण दहनः प्रतिवर्षानुसार इस बार भी सीहोर में दशहरा पर्व धूमधाम एवं श्रद्धापूर्वक मनाया गया। नगर के बालबिहार मैदान पर भी गत 30 वर्षों से दशहरा पर्व के दौरान रावण, मेघनाथ के पुतलों का दहन किया जा रहा है। यह आयोजन भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व जिला पंचायत, नगर पालिका अध्यक्ष जसपाल सिंह अरोरा के नेतृत्व में आयोजित होता है। इस बार भी आयोजन को लेकर भव्य तैयारियां की गईं थीं। इसके लिए समिति बनाई गई थी। दशहरा पर्व के दौरान भाजपा नेता जसपाल सिंह अरोरा ने श्रीराम, लक्ष्मण, सीता एवं हनुमानजी की आरती की एवं इसके बाद रावण दहन किया गया। इससे पहले नगर में श्रीराम, लक्ष्मण, सीता एवं हनुमानजी की भव्य झांकी निकाली गई, जो नगर के विभिन्न मार्गों से होते हुए आयोजन स्थल बालबिहार मैदान पर पहुंची। बड़ी संख्या में नगरवासी रावण दहन को देखने के लिए पहुंचे। दशहरा उत्सव के लिए आयोजन समिति अध्यक्ष आशीष गेहलोत को बनाया गया था तो वहीं राम बारात अध्यक्ष नीरज ताम्रकार एवं स्वागत अध्यक्ष आशीष गुप्ता को बनाया गया।

जिलेभर में निकला झांकियों का चल समारोह, मनाया दशहरा उत्सवः नवरात्रि के दौरान सीहोर जिलेभर के गांव-गांव, नगर-नगर में भव्य दुर्गा प्रतिमाएं स्थापित की गईं थीं। दशहरा पर सभी जगह दुर्गा प्रतिमाओं का विसर्जन किया गया। इस दौरान भव्य झांकियां सजाकर नगर भ्रमण कराया गया एवं बाद में विसर्जन घाटों पर पहुंचकर प्रतिमाओं का विसर्जन किया गया। जिले के रेहटी, बुधनी, भैरूंदा, आष्टा, इछावर सहित अन्य नगरों एवं गांवों में भव्य चल समारोह निकालकर माताराणी की प्रतिमाओं का विसर्जन किया गया। जगह-जगह रावण दहन भी हुए। इस दौरान श्रीराम, लक्ष्मणजी, सीताजी एवं हनुमानजी की झांकियां निकाली गईं एवं राम-रावण युद्ध भी हुआ। इसके बाद रावण, मेघनाद के पुतलों का दहन किया गया। इस अवसर पर भव्य आतिशबाजी करके बुराई पर अच्छाई की जीत का पर्व दशहरा धूमधाम से मनाया गया। इसके बाद सभी ने एक-दूसरे को दशहरा पर्व की बधाई दी एवं एक-दूसरों के घरों में जाकर भजिये खाए।

नगर की सड़कों पर निकाला विशाल आरएसएस का पथ संचलन

गंजबासौदा। राजेंद्र नगर स्कूल में एकत्रीकरण के पश्चात एक विशाल पथ संचलन चार-चार की कतार में निकाला गया, जो पंक्तिबद्ध तरीके से एक साथ हाथ और पैरों को मिलते हुए, स्वयंसेवक घोष के साथ संचलन गीत गाते हुए, एकरूपता और सभी स्वयंसेवकों के पास दंड मौजूद थे। स्वयंसेवक पूर्ण गणवेश के साथ संचलन में शामिल हुए। यह एक अद्भुत नजारा था। जिसमें नगर के गणमान्य नागरिकों एवं महिलाओं ने पुष्प वर्षा कर संचलन का स्वागत किया। इस अवसर पर स्वयंसेवकों के साथ-साथ नागरिकों में भी उत्साह देखने को मिला। संचलन राजेंद्र नगर स्कूल से चलकर सावरकर चौक, हनुमान चौक, जय स्तंभ चौक से होते हुए, अंबेडकर चौक, नेहरू चौक से मिल रोड होकर, बरेठ रोड से रघुवर गार्डन में समापन किया गया। संचालन प्रति वर्षानुसार इस वर्ष भी दशहरे के अवसर पर निकाला गया। 1925 में केशवदास बलिराम हेगडेवार द्वारा राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना की गई थी। तब से लेकर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की दुनिया के 125 देशो में शाखाएं संचालित हो रही हैं और विजयदशमी के अवसर पर पथ संचलन निकाला जाता है।

डाकमत पत्र हेतु निर्धारित प्रारूप में आवेदन करें

विदिशा (निप्र)। विधानसभा निर्वाचन 2023 के क्रियान्वयन में संलग्न ऐसे अधिकारी, कर्मचारी जो की मतदान तिथि 17 नवम्बर को मतदान केन्द्र पर पहुंचकर मतदान नहीं कर सकेंगे, उन सबके लिए डाकमत पत्र निर्धारित फार्म 12 में समुचित जानकारियां अंकित कर संबंधित विधानसभा क्षेत्र के रिटर्निंग आफीसर को प्रेषित करने की व्यवस्था करने के निर्देश दिए गए है। डिप्टी कलेक्टर एवं डाक मतपत्र प्रकोष्ठ के नोडल अधिकारी विष्णुप्रसाद यादव ने बताया कि फार्म 12 में समुचित जानकारियां अंकित करने के साथ कार्यालय विभाग का नाम, कर्मचारी का कोड क्रमांक तथा मोबाइल नम्बर व वोटर आईडी कार्ड व ड्यूटी संबंधी आदेश की छाया प्रति संलग्न करनी होगी।

कांग्रेस प्रत्याशी जीसी गौतम ने आज कार्यकर्ताओं के साथ भरा नामांकन फार्म

रायसेन। सांची विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी डॉ. जीसी गौतम ने आज अपना नामांकन फार्म सेक्टर अधिकारी अंजू पवन भदौरिया को प्रस्तुत करने के उपरान्त पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा कि सांची विधानसभा क्षेत्र में सबसे ज्यादा बैरोजगारी भ्रष्टाचार विकास कार्यों का न होने के मुद्दों को लेकर मतदाताओं के बीच जनसंपर्क कार्य आज से प्रारंभ कर दिया गया है। और कहा कि जिले में स्वास्थ्य विभाग भ्रष्टाचार बाला विभाग बनकर रह गया है। अगर कांग्रेस सरकार आती है तो इस भ्रष्टाचार की जांच अवश्य कराई जायेगी। और कहा कि सांची विधानसभा क्षेत्र में लगातार बैरोजगारों की संख्या दिन पर दिन बढ़ती जा रही है। और इन बैरोजगारों को रोजगार प्रदान कराने के लिए 18 वर्षों से सत्ता में काबिज भाजपा सरकार और यहां के विधायक ने कोई भी उद्योग स्थापित नहीं कराये हैं। कांग्रेस प्रत्याशी जी.सी.गौतम के नामांकन फार्म जमा करने के समय कांग्रेस पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं में मुख्य रूप से जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष मुमताज खान, मसर्रत बैग, नारायण सिंह ठाकुर, विकास शर्मा, आमिर खान गुलाबगंज जावेद खान ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष मनोज अग्रवाल संतोष शर्मा वनगवां कामता राजौरिया के अलावा कांग्रेस प्रत्याशी गौतम की धर्म पत्नी श्रीमति सरला गौतम एवं परिवार के सदस्य उपस्थित होकर उनका उत्साह वर्धन करने कलेक्ट्रेट कार्यालय में उपस्थित रहे।

मतदाताओं को जागरुक करने के लिए रैली निकाली

नागदा।

मध्यप्रदेश विधानसभा 2023 चुनाव में 18 वर्ष से अधिक नागरिको की अधिक भागीदारी करे व 100 प्रतिशत मतदान हो इस उद्देश्य से नगर पालिका व महिला बाल विकास आगनवाड़ी कार्यकर्ताओं की महिलाओं ने विश्व युवा मंडल किरण टाकीज माँ दुर्गा गरबा पंडाल में बालिकाओं के साथ मतदाता जागरूक की थीम पर गरबा कर मतदाताओ अधिक से अधिक मतदान करने को जागरूक किया साथ ही अयोजकर्ता राजेश धाकड़ ने उपस्थितजनो को मतदान करने कि शपथ दिलाई ।

इस दौरान स्वीप गतिविधि नोडल अधिकारी नीलेश पंचोली ने कहा है कि निर्भीक होकर धर्म वर्ग जाती व समुदाय भाषा व अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना 17 नवंबर को मतदान के इस महा त्योंहार में अपने मताधिकार का प्रयोग करें । आज मतदाता जागरूक अभियान अंतर्गत नपाकर्मी व आगनवाड़ी कार्यककर्ताओ ने रहवासियों के साथ वार्ड क्र 27 आजाद पूरा से वार्ड क्र 35 बिरलाग्राम में मतदाता जागरूक रैली निकाली गई समापन पर सभी को मतदान करने की शपथ दिलाई गई। इस दौरान शोभना कनेर राहत खान नीता सुयल अजय डोडिया संदिप चौहान आदि उपस्थित थे।

विजयादशमी का पर्व मनाया

गंजबासौदा। हिंदू उत्सव समिति द्वारा मंगलवार को नए बस स्टैंड पर मुख्य दशहरा समारोह आयोजित किया गया यहां इक्यावन फीट ऊंचे रावण के पुतले का दहन किया गया। रावण दहन के दौरान आतिशबाजी का बेहतरीन नजारा लोगों ने देखा आकाश रोशन करने वाली आतिशबाजी लगाई गई थी। रावण दहन कार्यक्रम के पूर्व स्कूली छात्राओं ने आकर्षक प्रस्तुतिदीं इस दौरान कोई डेढ़ दर्जन से अधिक प्रस्तुति हुईं, छात्र-छात्राओं ने आकर्षक प्रस्तुति देकर उपस्थित जन समुदाय को आनंदित कर दिया । इस बार विधानसभा चुनाव के तहत लगी आचार संहिता का प्रभाव दिखाई दिया। मंच पर नगर पालिका अध्यक्ष शशि यादव एवं जनपद अध्यक्ष नीतू रघुवंशी को आमंत्रित किया गया। समारोह के समापन पर अतिथियों व श्रीराम दरबार का मंच पर हिंदू उत्सव समिति के अध्यक्ष जयेश शाह, धर्मपाल शर्मा, बाल कृष्ण अरोरा, आदि सहित सभी सदस्यों ने स्वागत किया। कार्यक्रम का संचालन अभय शर्मा ने किया। कार्यक्रम में स्वर्गीय पंडित महेश नारायण मिश्र की स्मृति में पुरस्कार वितरण किए गए। जबकि विभिन्न क्षेत्रों में अच्छी सेवाएं देने के लिए सेवा निवृत्त प्राचार्य ज्ञान प्रकाश भार्गव, डॉक्टर महेंद्र बाजोरिया, और गौ सेवक लालू महाराज का हिंदू उत्सव समिति की ओर से शाल, श्रीफल भेंटकर सम्मान किया गया।

345 पाव देशी प्लेन शराब जप्त, आरोपी गिरफ्तार

सीहोर।

भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी दिशा निर्देशानुसार जिले में अवैध शराब करोबारियों एवं शराब के क्रय विक्रय के विरूद्ध सख्त? कार्यवाही की जा रही हे। इस श्रृखला में कलेक्टर प्रवीण सिंह द्वारा विधानसभा निर्वाचन को दृष्टिगत रखते हुए आबकारी विभाग को इन शराब के अवैध करोबारियों के विरूद्ध सख्त कार्यवाही किये जाने का निर्देश आबकारी विभाग को दिए गये। इसी के तहत आबकारी विभाग के द्वारा अवैध शराब के विरुद्ध निरन्तर कार्यवाही की जा रही है।

जिला आबकारी अधिकारी आबकारी ने बताया कि आबकारी वृत्त आष्टा के उप निरीक्षक सुश्री शारदा कारोलिया को मुखबिर के माध्यम से थाना आष्टा के ग्राम कानराखेड़ी में एक व्यक्ति के कब्जे में बड़ी मात्रा में अवैध शराब रखे होने की सूचना प्राप्त होने पर उनके नेतृत्व में एक दल तत्काल कार्यवाही के लिए ग्राम कानराखेड़ी के लिए रवाना हुआ। सूचना अनुसार हरिप्रसाद आत्मज मांगीलाल मेवाड़ा निवासी कानराखेड़ी के घर की विधिवत तलाशी लिए जाने पर एक कमरे के सेल्फ में बाल्टियों में छिपाकर रखे गए 345 नग देशी मदिरा पाव बरामद किए गए। मौके पर विधिवत कार्यवाही कर बरामद कुल 62.10 बल्क लीटर शराब जप्त करते हुए आरोपी हरि प्रसाद आत्मज मांगीलाल मेवाड़ा के विरुद्ध मदिरा के अवैध अधिपत्य का मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम 1915 के तहत अजमानतीय प्रकृति का प्रकरण कायम कर आरोपी को गिरफ्तार किया गया।जप्तशुदा शराब का अनुमानित बाजार मूल्य 22425 रु है। अवैध मदिरा के विरुद्ध कार्यवाही निरन्तर जारी रहेगी। ग्राम कानराखेड़ी में अवैध शराब के विरूद्ध कार्यवाही के लिए गठित दल में आबकारी उप निरीक्षक आष्टा के साथ आबकारी उप निरीक्षक चन्दर सिंह, मुख्य आबकारी आरक्षक विजय शर्मा सहित अनेक आबकारी आरक्षक की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

सिरोंज से गंजबासौदा आ रही बस का टायर फटने से, हुई दुर्घटना

गंजबासौदा। बुधवार दोपहर लगभग 4 बजें सिरोंज से गंजबासौदा आ रही एक बस का टायर फटने से बस एक खेत में जा कर, दुर्घटना ग्रस्त हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार बस में लगभग 35 से 40 यात्री सवार थें। जैसे ही बस ने अंबानगर चौराहा क्रॉस किया अचानक बस का अगला टायर फट जाने से, बस की स्टेरिंग फेल हो गई, और बस खेत में जा घुसी। गनीमत रही, पास में 132 केबी की हाई टेंशन लाइट के वायर के नीचे से होती हुई, खेत में पहुंची। बस में बैठे यात्री अचानक बस को खेत में जाते देख घबरा गए। ड्राइवर की सूझबूझ और समझदारी से बस को पलटने से बचा लिया गया। बस में सवार यात्रियों में से लगभग 20 से अधिक यात्री घायल हो गए, जिसमें 8 महिलाएं एवं 12 पुरुष एवं बच्चे थे। ग्रामीणों की सूझबूझ और समझदारी से 108 और 100 डायल को खबर मिलते ही पुलिस घटना पर पहुंची और घायलों को तुरंत एम्बुलेंस और 100 डायल की मदद से घायल यात्रियों को गंजबासौदा राजीव गांधी जन चिकित्सालय लाया गया जहां घायलों का उपचार चल रहा है।

स्पेशल खबर छावनी दशहरा उत्सव समिति के मुख्य संरक्षक जसपाल सिंह अरोरा की मौजूदगी में भव्य दशहरा उत्सव मनाया गया...

यह पर्व प्रेम, भाईचारा और बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक हैः पं.प्रदीप मिश्रा

सीहोर।

प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी छावनी दशहरा उत्सव समिति के तत्वाधान में शहर के बाल विहार मैदान पर हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं की मौजूदगी में प्रेम, भाईचारे और धर्म की विजय के प्रतीक के रूप में विजयादशमी का पावन पर्व आस्था और उत्साह के साथ मनाया गया।

इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में मंच पर विराजमान अंतर्राष्ट्रीय कथावाचक भागवत भूषण पंडित प्रदीप मिश्रा ने कहा कि मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान राम ने लंकापति रावण का वध किया था। यह पर्व प्रेम, भाईचारा और बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है। इस मौके पर भागवत भूषण पंडित प्रदीप मिश्रा, समिति के मुख्य संरक्षक पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष जसपाल सिंह अरोरा, महंत उद्धावदास महाराज, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती अमिता अरोरा, समिति के अध्यक्ष आशीष गहलोत, विशेष अतिथि समाजसेवी अखिलेश राय, कार्यक्रम के स्वागत अध्यक्ष आशीष गुप्ता, राम बारात के अध्यक्ष नीरज ताम्रकार, मंच का संचालनकर्ता मनोज दीक्षित मामा सहित अन्य ने मंच पर राम बारात के कलाकारों को सम्मानित किया। देर रात्रि को आयोजित दशहरा उत्सव में शहर के हजारों की संख्या में बाल विहार मैदान पर भगवान श्री राम और रावण के मध्य महासंग्राम का आयोजन किया गया, रंग बिरंगी आतिशबाजी के पश्चात रावण का दहन किया गया।

इस मौके पर भागवत भूषण पंडित श्री मिश्रा ने कहा कि इस दहन के साथ यह संदेश देने का प्रयास किया गया कि एक न एक दिन बुराई की हार जरूर होती है। चाहे वह कितनी भी ताकतवर क्यों न हो। यह संदेश समाज में फैला हुआ है लेकिन इसको मन में बसाने की जरूरत है। रावण का पुतला फूंकने का संदेश यह जाता है कि बुराई का पुतला जला दिया गया। लेकिन इससे कहीं ज्यादा जरूरी और सबसे ज्यादा जरूरी है कि मन के भीतर जो रावण का पुतला खड़ा है या बुराई बसी हुई है। उसको जलाया जाए चूंकि रावण दहन सभी देख रहे होते हैं तो यह भी समझना जरूरी है कि मन के भीतर के रावणी पुतले को नष्ट करना भी जरूरी है तभी तो समाज में संयमित और अनुशासित रहते हुए नैतिक गुणों के समावेश के साथ सभ्य नागरिक बना जा सकेगा।

इस मौके पर समिति के मुख्य संरक्षक पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष श्री अरोरा ने कहा कि रावण अत्यंत विद्वान था। ईश्वर की आराधना में उसकी बराबरी करने वाला कोई नहीं था। तीनों लोक में उसकी वीरता का डंका बजता था लेकिन उसको भी केवल और केवल उसके मन के भीतर बसे बुराई रूपी रावण के पुतले ने ही मतिभ्रष्ट की स्थिति तक पहुंचाया था। देर रात्रि को आयोजित बानर सेना भगवान राम जी के रथ के साथ झांकी के रूप में बाल विहार मैदान पहुंची। यही पर अंतिम युद्ध के दृश्य दर्शाए गए। भगवान राम जी के रथ का स्वागत समिति के पदाधिकारियों और श्रद्धालुओं ने किया।